VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2025-26)

Date: ________ Class: 5 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi

Name: ______________________________ Worksheet: Yearly Exam.3

पाठ -14 हमसे सयाने बालक

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर :-

पाठ-चर्चा :

i. **यह घटना किस देश की है ?**
` उत्तर. यह घटना रूस देश की है।

ii. **गली में पानी कैसे भर गया था ?**
उत्तर. बरफ़ का पानी गाँव की गलियों में आ गया था ।

iii. **निनी और मिशा में से बड़ी कौन थी ?**
उत्तर. मिशा निनी से बड़ी थी ।

iv. **मिशा की फ्रॉक पर गंदे पानी के छींटे कैसे पड़ गए ?**
उत्तर. निनी का पाँव एक गड्ढे में जाकर पड़ा और गंदे पानी के छीटे उछलकर मिशा के फ्रॉक पर पड़ गए |

अधिकतम शब्दों में :

i. **मिशा ने निनी को पानी में जाने से क्यों रोका ?**
उत्तर. निनी जूतों और फ्रॉक समेत पानी में बढ़ जाना चाहती थी। मिशा को भय था कि निनी की माँ उसपर नाराज़ होंगी इसलिए मिशा ने उसे पानी में जाने से रोका ।

ii. **मिशा निनी को क्यों मारना चाहती थी ?**
उत्तर. निनी का पाँव एक गड्ढे में जाकर पड़ा और पानी उछलकर मिशा की फ्रॉक पर आया। फ्रॉक पर गंदे पानी के छींटे पड़ गए और ऐसे ही छींटे उसकी आँखों और नाक पर भी जा पड़े, इसलिए वह निनी को मारना चाहती थी ।

iii. **दादी की दुर्दशा किस प्रकार हूई ?**
उत्तर. निनी और मिशा की माँ के बीच अच्छा-खासा झगड़ा हो गया । लोग घरों से निकल आए। गली में भीड़ हो
गई । धक्का-मुक्की की नौबत आ गई । दादी दोनों को समझाने का प्रयास करने लगीं । वहाँ उनकी कोई नहीं सुन रहा था। दादी जमघट की धक्का-मुक्की में गिरते-गिरते बचीं ।

iv. **मिशा तलैया के पास की मिट्टी क्यों हटाने लगी ?**
उत्तर. ताकि तलैया में जमा पानी के लिए आगे जाने का रास्ता बन जाए और पानी गली की दिशा में बहने लगे ।

v. **सब लोग खुद पर लज्जित क्यों हूए ?**
उत्तर. सब लोग लड़कियों के लिए लड़ रहे थे, पर दोनों लड़कियाँ सब कुछ भूलकर फिर एक हो गई, मिलकर खेलने लगीं इसलिए सब लोग खुद पर लज्जित हुए ।

प्रश्न 2. दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए :

i. गली - ---------------------------
v. आँख - ---------------------------

ii. आस्तीन - --------------------------
vi. लड़की - ---------------------------

iii. स्त्री - ---------------------------
vii. फ्रॉक - ---------------------------

iv. मिठाई - ---------------------------
viii. नदी - ---------------------------

प्रश्न 3. दिए गए वाक्यों में विरामचिह्न लगाइए :

i. अरी तुम दोनों को अपने आचरण पर ज़रा भी लज्जा नहीं आती
ii. अरी पकड़ इसे निनी, पकड़ मिशा ने कहा
iii. मेरे हाथ में पैसे झाड़ू चाबी और थैला था
iv. तुम कहाँ कहाँ जाओगे
v. अरे यह क्या हो गया

प्रश्न 4. निर्देश के अनुसार उत्तर लिखिए :

i. दोनों के सिर पर लाल रूमाल थे। (विशेषण को रेखांकित करो।)
ii. खबरदार निनी । पानी न उछालो । (व्यक्तिवाचक संज्ञा रेखांकित करो।)
iii. तुम भी अपने जूते-मोजे उतार लो। (सर्वनाम रेखांकित करो।)
iv. उसकी माँ निकलकर बाहर आ गईं। (क्रिया रेखांकित करो।)
v. दादी वहीं गली में चारों खाने चित हो गई होतीं। (मुहावरा रेखांकित करो|)

प्रश्न 5. मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

i. चारों खाने चित हो जाना

----

ii. खरी-खोटी सुनाना

----

iii. पानी-पानी हो जाना

----

iv. आँखों का तारा होना

----

v. बाजी पलटना